नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

Date : 8.7.2020

सभी केन्द्रीय पदाधिकारी
सभी मंडल सचिव एवं मंडल अध्यक्ष
प्रयागराज मंडल, झांसी मंडल एवं आगरा मंडल

आज दिनांक 8 जुलाई 2020 को NCRES के महामंत्री आर. पी. सिंह ने महाप्रबन्धक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, से मिलकर निम्न पर चर्चा किया।

(1) **लार्सजेस (LARSGESS):**— NCRES के महामंत्री ने महाप्रबन्धक को बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद लार्सजेस के अन्तर्गत 27.10.2017 के पहले मेडिकल जांच में फिट घोषित किये गये कुछ अभ्यर्थियों को नियुक्ति नही दी गई है, जिसके कारण झांसी मंडल में बहुत असंतोष है, इसलिये LARSGESS के अन्तर्गत दिनांक 27.10.2017 के पहले मेडिकल जांच में फिट छूटे हुये अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान किया जाय।

महाप्रबन्धक ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार LARSGESS के अन्तर्गत 27.10.2017 के पहले मेडिकल जांच में फिट घोषित किये गये जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति नही मिल पाई है उनके रिकार्ड की जांच कराकर नियुक्ति प्रदान किया जायेगा।

(2) कोरोना पाजिटिव के मरीजों के इलाज के लिये राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सेन्टर की दुर्व्यवस्था को देखते हुये NCRES के महामंत्री ने महाप्रबन्धक से मांग किया कि रेल कर्मचारियों के कोरोना पाजिटिव पाये जाने पर उन्हे रेलवे चिकित्सालय में ही भर्ती कर इलाज किया जाय।

महाप्रबन्धक ने NCRES की मांग पर सहमति व्यक्त किया और इस सम्बन्ध में PCMD को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

(3) NCRES ने ADEN (समूह ''ख'') की चयन प्रक्रिया पूरी करने के लिये साक्षात्कार के लिये नजदीक की कोई तिथि जल्द तय करने का अनुरोध किया।

महाप्रबन्धक ने ADEN (समूह ''ख'') के चयन के लिये नजदीक की तिथि तय करने के लिये PCE को निर्देश दिया है।

(4) हेडक्वाटर स्तर पर दिनांक 25/26.2.2020 के GM/PNM की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन के लिये महामंत्री ने अपने पत्र दिनांक 7.7.2020 द्वारा मांग किया।

महाप्रबन्धक ने PHOD's को निर्देश दिया कि GM/PNM की बैठक में लिये गये निर्णयों का क्रियान्वयन करने के लिये मण्डलों को निर्देश जारी किया जाय।

संलग्नः— महामंत्री, NCRES का पत्र दिनांक 7.7.2020

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 134/NCRES/20 Date : 7.7.2020

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– हेडक्वाटर स्तर पर NCRES के साथ दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में लिये गये निर्णय का क्रियान्वयन किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि NCRES के साथ दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में विभिन्न विभागाध्यक्ष से सम्बन्धित एजेण्डा के कुल 21 मदो पर निर्णय हुआ था लेकिन किसी भी मद पर हुये निर्णय का क्रियान्वयन अभी तक नही हो पाया क्योंकि क्रियान्वयन के लिये प्रधान कार्यालय से मण्डलों को निर्देश जारी नही हुआ।

दिनांक 25.02.2020 को PNM बैठक के प्रारम्भिक भाषण में NCRES के प्रतिनिधियों द्वारा आपके समक्ष उठाये गये तमाम मुद्दों में से 13 मदो पर आपने जल्द निर्णय लेने के लिये उपस्थित PHOD's को निर्देश दिया था लेकिन 4 माह बीत जाने के बाद भी उनपर कोई कार्यवाही अभी तक नही हो पाई है।

यह भी अवगत कराना है कि NCRES ने अपने पत्र दिनांक 25.4.2020 द्वारा PCPO से भी अनुरोध किया कि PNM बैठक में मदो पर हुये निर्णय के क्रियान्वयन के लिये मण्डलों को निर्देश जारी किया जाय। इसके अतिरिक्त NCRES ने अपने पत्र दिनांक 27.4.2020 द्वारा PCPO से यह भी अनुरोध किया कि PNM बैठक में प्रारम्भिक भाषण के समय महाप्रबन्धक महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों पर त्वरित कार्यवाही के लिये भी उचित कार्यवाही की जाय लेकिन अभी तक कुछ नही हो पाया।

अतः NCRES का अनुरोध है कि दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में विस्तार से चर्चा करने के बाद लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन के लिये उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री